भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3865
25 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

छावनी क्षेत्रों से गुजरने वाली सड़कें

3865 श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कर्नाटक के बेलगावी शहर की छावनी सीमा से गुजरने वाली सड़कों का सुधार/मरम्मत कार्य करने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में कर्नाटक में छावनी बोर्ड, बेलगावी के लिए कोई धनराशि निर्धारित की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): जी, हाँ । छावनी क्षेत्रों से गुजरने वाली सड़कों का सुधार/मरम्मत कार्य करने के लिए वर्ष 2020-21 के दौरान निम्नलिखित कार्य किए गए हैं:-

(i) थिमाया सड़क एवं थिमाया सड़क और वेस्ट स्ट्रीट से आसन्न अन्य मुख्य सड़कों की लगभग 39.43 लाख रु. में पुनः कार्पेटिंग ।

(ii) 42.49 लाख रु. की आकलित धनराशि से 40 मि.मी. एसडीबीसी द्वारा रामघाट सड़क की पुनः कार्पेटिंग ।

(ग) और (घ): छावनी बोर्ड को सहायता अनुदान एवं सेवा प्रभार जारी किए जाते हैं जिसका उपयोग स्थापना, आकस्मिकताओं और सार्वजनिक कार्यों के व्यय में किया जाता है । छावनी बोर्ड, बेलगाम को भी केन्द्रीय वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर निधियां प्राप्त हो रही हैं । विगत तीन वर्षों में जारी की गई निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

सहायता अनुदान (करोड़ में)	
वर्ष	धनराशि
2019-2020	5.0
2020-2021	3.28
2021-2022 (आज तक)	5.0

सेवा प्रभार (करोड़ में)	
वर्ष	धनराशि
2019-2020	6.0
2020-2021	6.0
2021-2022 (आज तक)	5.5

15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग (करोड़ में)	
वर्ष	धनराशि
2019-2020	0
2020-2021	1.15
2021-2022 (आज तक)	0.85

राज्य वित्त आयोग (करोड़ में)	
वर्ष	धनराशि
2019-2020	0.33
2020-2021	0.78
2021-2022 (आज तक)	0.73

****